**जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय**
**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 18 अप्रैल 2019

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आरयूआर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग और बेहतर हुई**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने इस साल मास्को आधारित राउंड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: आरयूआर: में दुनिया के 1100 विश्वविद्यालयों में 631 वां स्थान पाया है। यह पिछले साल की उसकी 747 वीं रैंकिंग से काफी अच्छी है।

इस रैंकिंग में भारत के विश्वविद्यालयों में जामिया ने 11 वें स्थान पर जगह बनाई है , जबकि पिछले साल वह 16 वें स्थान पर था। इस तरह जामिया अपनी रैंकिंग में लगातार सुधार कर रहा है। आरयूआर रैंकिंग एजेंसी ने क्लैरिवेट एनालिटकल से मिलकर साल 2019 के लिए राउंड यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की है।

जामिया ने सबसे अधिक अंक शिक्षा मंेें पाए हैं। चार मुख्य क्षेत्रों में जामिया को मिले स्थान इस तरह हैं: शिक्षा में 332 वां स्थान, अनुसंधान में 734 वां स्थान, अंतरराष्ट्रीय विविधता में 728 स्थान और वित्तीय स्थायित्व में 715 वां स्थान।

अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में आए इस महत्वपूर्ण सुधार पर खुशी ज़ाहिर करते हुए जामिया की कुलपति प्रो नजमा अख़्तर ने इसका पूरा श्रेय विश्वविद्यालय के विभागों के बेहतरीन अनुसंधान एवं शिक्षण कार्यों को दिया। उन्होंने कहा, '' किसी भी अकादमिक संस्थान की बुनियाद अध्यापक होते हैं। उनके योगदान के बिना कोई भी शैक्षिक संस्थान अच्छा काम नहीं कर सकता है। रैंकिंग में आए इस सुधार का पूरा श्रेय, मैं जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शिक्षकों को देती हूं। ''

आरयूआर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग साल 2010 से विश्व के शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों का कई आधार पर मूल्यांकन करता आ रहा है। इसके रैंकिंग मूल्यांकन में दुनिया के 85 देशों के 1100 प्रमुख विश्वविद्यालय हिस्सा लेते हैं। इसके तहत 20 पैमानों पर विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करके उनकी रैंकिंग तय की जाती है।

इस तरह का मूल्यांकन करके आरयूआर रैंकिंग विश्व के शैक्षिक संस्थानों के बारे में छात्रों, अकादमिक समुदाय, विश्वविद्यालयों के प्रबंधकों और नीति निर्धारकों को आवश्यक जानकारी मुहैया कराती है।

**अहमद अज़ीम**
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक